मांग संख्या 48
मुख्य शीर्ष 3454

मद क्रमांक 1 से 8

1. तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत सांख्यिकीय प्रणाली के उन्नयन मद में वेतन, कार्यालय व्यय एवं प्रशिक्षण हेतु ₹ 360.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय का अपरीक्षित नवीन मद है ।

2. तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत सांख्यिकीय प्रणाली के उन्नयन मद में संचालनालय एवं जिला कार्यालयों में 122 अस्थाई अतिरिक्त पदों के सृजन हेतु ₹ 100 का आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृत किया गया था । जिसके प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 100 का प्रतीक प्रावधान किया गया है। पदों के सृजन पर होने वाला संभावित व्यय ₹ 200.18 लाख है जिसे विभागीय बचत से किया जाएगा ।

क्र.	पद	वेतनमान	ग्रेड वेतन	एक मुश्त वेतन	पदों की संख्या
1	2	3	4	5	6
1	सलाहकार	15600-39100	5400	24870	3
2	सहा. प्रोग्रामर	9300-34800	4200	15600	8
3	अन्वेषक	5200-20200	2800	12030	62
4	डाटाएण्ट्री आपरेटर	5200-20200	24400	10670	22
5	पर्यवेक्षक	9300-34800	4400	18080	27
	योग-				**122**

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 3,60,00,100 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4059

मद क्रमांक 9

तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत प्रशासन अकादमी के निर्माण मद में राशि ₹ 164.62 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है । जिसमें मुख्यतः आवासीय क्वार्टर निर्माण कार्य (एफ टाईप-1 नग, जी टाईप-2 नग, एच टाईप-4 नग, आई टाईप-6 नग) पर ₹ 1,30,00,000 का व्यय होगा जो कि व्यय का अपरीक्षित नवीन मद है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 1,64,62,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।